1	2	3
23. बदायूं	. . .	—
24. पीलीभीत	. .	—
25. नैनीताल	. .	108
26. बरेली	. . .	33
27. बलिया	. . .	73
28. गाजीपुर	. . .	15
29. गोंडा	. . .	121
30. बहराइच	. . .	99
31. बस्ती	. . .	92
32. सिद्धार्थ नगर	. .	5
33. गोरखपुर	. .	45
34. महाराजगंज	. .	11
35. आजमगढ़	. .	103
36. मऊ	. . .	65
37. देवरिया	. . .	26
38. सुल्तानपुर	. .	93
39. रायबरेली	. .	16
40. फतेहपुर	. . .	29
41. प्रतापगढ़	. .	8
42. मिर्जापुर	. . .	20
43. सोमभद्र	. . .	21
44. जौनपुर	. . .	33
45. चमोली	. . .	34
46. पौड़ी	. . .	10
47. टिहरी	. . .	12
48. उत्तरकाशी	. .	—
49. मुजफ्फरनगर	. .	64
50. सहारनपुर	. .	25
51. हरिद्वार	. . .	10
52. देहरादून	. . .	42
53. लखनऊ	. . .	96
54. वाराणसी	. .	148
55. इलाहाबाद	. .	39
56. गाजियाबाद	. .	116
57. बुलंदशहर	. .	87
58. आगरा	. . .	31
59. फिरोजाबाद	. .	17
60. मेरठ	. . .	102
61. कानपुर शहर	. .	5
62. कानपुर देहात	. .	45
63. उन्नाव	. . .	22
	जोड़ .	2725

दिल्ली टेलीफोन्स में टेलीफोन आपरेटर

4376. **श्री ईश दत्त यादव : क्या संचार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली टेलीफोन्स में कार्यरत टेलीफोन आपरेटर लिपिक प्रकृति का कार्य कर रहे हैं ;

(ख) यदि हां, तो ऐसे आपरेटरों की संख्या कितनी थी जो वर्ष 1993 के दौरान लिपिक प्रकृति का कार्य कर रहे थे ;

(ग) क्या लिपिक प्रकृति के पदों पर कार्य करने वाले व्यक्तियों और टेलीफोन आपरेटरों के वेतनमानों के बीच कोई असमानता है; और

(घ) यदि हां, तो लिपिक प्रकृति का कार्य करने के बावजूद उन्हें टेलीफोन आपरेटर का वेतनमान दिये जाने का क्या औचित्य है ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री(श्री पी०वी० रंगैय्या नायडू) : (क) टेलीफोन आपरेटर टेलीफोन आपरेटरों का कार्य कर रहे हैं तथापि ऐसे कुछ के अपवाद हैं जहां आपरेटर लिपिकीय प्रकृति का कार्य कर रहे हैं ।

(ख) कुल 3886 टेलीफोन ऑपरेटरों में से 41 वर्ष 1993 के दौरान अस्थाई रूप से लिपिकीय प्रकृति का कार्य करते रहे है ।

(ग) जी नहीं ।

(घ) उपर्युक्त भाग (ग) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता ।

उत्तर प्रदेश में "पे–फोन" कनेक्शन

4377. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश में "पे-फोन" आवंटित किए गए हैं,

(ख) यदि हां, तो अनुसूचित जातियों, विकलांग व्यक्तियों और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों को किन-किन स्थानों पर ऐसे कनेक्शन आवंटित किए गए हैं;

(ग) क्या ऐसे टेलीफोन कनेक्शनों के आवंटन के संबंध में कोई अनियमितताएं पाई गई हैं; और

(घ) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०वी० रंगैय्या नायडू) : (क) जी हां ।

(ख) से (घ) अपेक्षित जानकारी एकत्र की जा रही है और इसे सभा-पटल पर रख दिया जाएगा ।